कुशवाहा अभियंता फोरम

सोसाईटीज रजिस्ट्रेशन ऐक्ट 21, 1860 के तहत निबंधित – 901/2001–2002

कार्यालय–मौर्या पथ, ''मौर्य कुशवाहा अभियंता भवन'' रेडिएंट स्कूल के पीछे (पूरब) दानापुर–खगौल रोड, पटना–801105

कार्यक्षेत्र – सम्पूर्ण भारतवर्ष

भवन मद में सहयोग वास्ते

अपील

प्रिय कुशवाहा बन्धुओं,

विदित हो कि कुशवाहा समाज के पूर्वजों का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। आज राजनीतिक चेतना की कमी, आपसी ताल–मेल का अभाव एवं पर्याप्त संगठन की कमी के कारण यह समाज कुछ पीछे चल रहा है। संगठन के ठोस धरातल से ही चहुँमुखी विकास की परिकल्पना की जा सकती है। **''कुशवाहा अभियन्ता फोरम''** का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है। समाज का प्रबुद्ध अंग होने के कारण आज समाज के बीच चेतना, आत्मसम्मान एवं स्वनियोजन का भाव जगाना फोरम का पुनीत कर्तब्य बन गया है।

मौर्य विहार सहकारी गृह निर्माण समिति एवं कुशवाहा अभियन्ता फोरम का संयुक्त कार्यालय सह सभागार भवन का निर्माण खगौल रोड, पटना में (रेडियेंट स्कूल के पीछे) मौर्य पथ कराया जा रहा है। उक्त स्थल के पास सैंतीस कुशवाहा बन्धुओं का भूखण्ड है। भवन का निर्माण कार्य 4646 वर्ग फीट में हो रहा है। इसका रूपांकन विशेषज्ञ से तैयार कराया गया है। इसका एक छोटा चित्र अपील के ऊपर दर्शाया गया है। इसके भूतल पर वाहन पार्किंग, प्रथम तल पर सभागार, द्वितीय तल पर कार्यालय कक्ष, छोटा सभागार तथा विश्रामालय, तृतीय तल पर वृद्धाश्रम है। इस भवन का नाम–**''मौर्य कुशवाहा अभियंता भवन''** रखा गया है। भवन का अनुमानित लागत रुपया एक करोड़ पैसठ लाख है। निर्माण कार्य **कुशवाहा अभियन्ता फोरम** के माध्यम से कराया जा रहा है। भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है साथ ही सुसज्जित कार्य प्रगति पर है। मार्च 2025 तक इस कार्य में रुपया 1,48,79,461/– व्यय हुआ है। भवन में लिफ्ट लग गया है।

निर्णयानुसार जो व्यक्ति या परिवार इस कार्य वास्ते रुपया एक लाख या उससे अधिक राशि का सहयोग करेंगे उनके समस्त परिवार का नाम और पता के साथ शिलापट्ट पर लिखा जायेगा। जो व्यक्ति रुपया पचास हजार से एक लाख के बीच राशि का सहयोग करेंगे उनका एवं उनके पत्नी का नाम, पता के साथ शिलापट्ट पर लिखा जायेगा। जो व्यक्ति रुपये पच्चीस हजार से पचास हजार के बीच राशि का सहयोग करेंगे उनका प्रारम्भ में केवल नाम, पदनाम एवं पता शिलापट्ट पर लिखा जायेगा। जो व्यक्ति दस हजार दिये हैं। उनका भी नाम, पदनाम शिलापट्ट पर लिखा जायेगा। राशि किस्तवार भी दे सकते हैं। प्रारंभ से अन्त तक की राशि को जोड़कर गणना की जायेगी। भवन का कार्य पुरा कराने में लगभग 12 वर्षों का समय लगा है। अभी भी पूर्ण होने में राशि के अभाव में और अतिरिक्त एक वर्ष लगाने की सम्भावना है। इसके लिए सहयोग राशि फोरम के पावती रसीद पर नगद या चेक द्वारा दे सकते हैं। दूरस्थ स्थानों से भी आप फोरम के पंजाब नेशनल बैंक, शाखा सगुना मोड़, पटना IFSC-PUNB0757700, खाता संख्या–2913000100107514 या उक्त बैंक के ही खाता संख्या–2913000100110341 में जमा कर, फोरम के पदाधिकारियों के मोबाईल नं० पर भी सूचित करने का कष्ट करेंगे।

अतः आप सबों से निवेदन है कि इस भवन के निर्माण में सहर्ष तन–मन–धन से यथेष्ट सहयोग करें, ताकि निर्माण कार्य ससमय पूरा कराया जा सके। फोरम इसके लिए सदा आभारी रहेगा।

जय कुशवाहा! **जय फोरम!!**

निवेदक

कुशवाहा अभियन्ता फोरम